सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक – एस०एस०वि०वि०/कु०स० 1832/2020 दिनाङ्क 07 अगस्त, 2020

कार्यालय-ज्ञाप
अनुस्मारक

सर्वोच्च प्राथमिकता

विश्वविद्यालयीय पत्रांक एस०एस०वि०वि०/कु०स० 1479/2020 दिनाङ्क 09 जुलाई, 2020 द्वारा आपको अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष अनुसंधान दल, लखनऊ के पत्रांक एस०आई०टी०-ज-51/2014/1199 दिनाङ्क 02 जुलाई, 2020 के बिन्दु संख्या-2 के माध्यम विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्कृत महाविद्यालयों से वर्ष 2004 से 2014 तक का वर्ष वार शास्त्री में कितने विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया/कितने ने परीक्षा दी/कितने परीक्षार्थियों का परिणाम घोषित किया गया का विवरण एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराने का निदेश अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रदान किये गये थे।

उक्त के सम्बन्ध में कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अद्यतन सूचना अधोहस्ताक्षरी के ई-मेल आई०डी० ssvvregistrar@gmail.com पर उपलब्ध नही कराई गयी है। ज्ञातव्य है कि उक्त सूचना विशेष अनुसंधान दल, लखनऊ को उपलब्ध कराना है।

अतः निम्नांकित प्रारूप पर एक सप्ताह के अंदर वांछित सूचना अधोहस्ताक्षरी की ई-मेल आई०डी० ssvvregistrar@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा कि स्थिति में महाविद्यालय की मान्यता/सम्बद्धता समाप्त करने पर विचार किया जायेगा। प्रकरण अत्यन्त गंभीर प्रकृति का है।

प्रारूप

महाविद्यालय का नाम	पाठ्यक्रम का नाम	वर्ष	प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या	परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की संख्या	परिणाम घोषित किये गये परीक्षार्थियों की संख्या

कुलसचिव
सं०सं०वि०वि०, वाराणसी

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष अनुसंधान दल, लखनऊ।
3. आशुलिपिक, कुलसचिव।
4. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से कि उक्त सूचना को समस्त सम्बद्ध संस्कृत महाविद्यालयों को उनके लागिन आई०डी० के माध्यम से प्रेषित कराना सुनिश्चित करायें।
5. सम्बद्ध पत्रावली।

कुलसचिव
सं०सं०वि०वि०, वाराणसी

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

सं.सं.वि.वि./कु.स. 1479 /2020 दिनाङ्क 09 जुलाई, 2020

कार्यालय-ज्ञाप

अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष अनुसंधान दल, लखनऊ के पत्रांक एस.आई.टी.-ज-51/2014/1199 दिनाङ्क 02 जुलाई, 2020 के बिन्दु संख्या-2 द्वारा विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समसत संस्कृत महाविद्यालयों से वर्ष 2004 से 2014 तक का वर्ष वार शास्त्री में कितने विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया/कितने ने परीक्षा दी/कितने परीक्षार्थियों का परिणाम घोषित किया गया का विवरण एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराने का निदेश अधोहस्ताक्षरी को प्रदान किया है।

अतः कृपया उक्त अवधि का वर्षवार शास्त्री कक्षा में कितने विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया/कितने ने परीक्षा दी/कितने परीक्षार्थियों का परिणाम घोषित किया गया का विवरण जो आपसे सम्बन्धित हो को सात दिनों के अन्दर निम्नलिखित प्रारूप में कुलसचिव के ई-मेल आई.डी. ssvvregistrsr@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे उक्त सूचना से विशेष अनुसंधान दल, लखनऊ को उपलब्ध कराया जा सके।

प्रारूप

महाविद्यालय का नाम	वर्ष	प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या	परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की संख्या	परिणाम घोषित किये गये परीक्षार्थियों की संख्या

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि., वाराणसी

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष अनुसंधान दल, लखनऊ।
3. आशुलिपिक, कुलसचिव।
4. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से कि उक्त सूचना को समस्त सम्बद्ध संस्कृत महाविद्यालयों को उनके लागिन आई.डी. के माध्यम से प्रेषित कराना सुनिश्चित करायें।
5. सम्बद्ध पत्रावली।

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि., वाराणसी